तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

12 खेलों से होता है शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास...

11 बेलमांड में एनएसएस शिविर का आगाज




## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत ठेकवाडीह में चला संघन पल्स पोलियो अभियान



**गुरूर।** ग्राम पंचायत ठेकवाडीह में संघन पल्स पोलिया अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की 69 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर सरपंच देवश्री साहू द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ डॉक्टर भुवन लाल साहू, मितानिन कमलेश साहू, भोज साहू, पद्मनी साहू, हिमेश्वरी साहू का सहयोग रहा।

### देवसरा में बाबा घासीदास जयंती मनाई गई

**बालोद/निकुम।** सतनामी समाज देवसरा के तत्वाधान मे संत शिरोमणि घासीदास जयंती 21 दिसंबर रविवार को पंथी धुन पर शोभा यात्रा दोपहर 12 बजे निकली, जिसमें बाबा जी के संदेश को पंथी धुन पर निकली, वहीं 22 सोमवार दिसम्बर घासीदास जयंती होगी। जिसमें शाम 6 बजे शाम को अतिथियों का आगमन व झंडा रोहन व आरती होगी, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर होंगे, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य बालोद गुलशन चंद्राकर होंगे, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू, ग्राम पंचायत देवरी द सरपंच दीपिका बीसेलाल ठाकुर, उप सरपंच खेलन साहू, समाजसेवी संदीप बी आर चंद्राकर सहित एवं समस्त पंचगण व अतिथि शामिल होंगे, शाम को 6 बजे महा भंडारा होगी, वही रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ नाच पार्टी की प्रस्तुति होगी, यह जानकारी समिति प्रमुख शंकर देशलहरे ने दिया।

### ग्राम परसदा में 117 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी



**अंडा।** ग्राम परसदा में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। 117 बच्चों को पल्स पोलियों पिलाया गया जिसमें गांव की सरपंच सत्यवती साहू द्वारा शुरूआत की गई गांव की सभी मितानिन उपस्थित रही, दीपावली, बसंती मानिकपुरी, भुवनेश्वरी, रुखमणी और सगनी जोशी द्वारा सहयोग किया गया गांव की पंच सरस्वती साहू भी शामिल थी।

# ग्राम सुंदरा एनएसएस कैंप में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## छात्रों को सोशल मीडिया अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी से अवगत कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम सुंदरा एनएसएस कैंप में छात्र–छात्रओं को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। जिसमे सोशल मीडिया संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी व साइबर अपराध से सतर्क रहने सुरक्षा के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बघमरा द्वारा ग्राम सुंदरा में आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर अपराध की विस्तृत जानकारी दी गई व उन्हे सुरक्षा के टिप्स बताए गए। विद्यार्थियों को 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, अनजान लिंक पर क्लिक करने व ओटीपी साझा करने के खतरे से अवगत कराया गया।

डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया अपराध एवं ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, एपीके फाइल डाउनलोड से मोबाइल हैकिंग एवं धोखाधड़ी की आशंका से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग करने के तरीके, मजबूत पासवर्ड एवं व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने के उपाय बताए गए।



### ये रहे मौजूद

उक्त एनएसएस कैंप के बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, आरक्षक मनीष ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता राजेश कुमार भंडारी एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बघमरा छात्र छात्रओं समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## समस्या : टोकन काटकर गन्ना लेकर पहुंचे किसान, परेशान

# गन्ना पेराई न होने से किसान 5 दिन से भटक रहे प्रबंधन की उदासीनता से भारी आर्थिक नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

5 दिनो से भटक रहे गन्ना किसान, 17 दिसंबर से टोकन काटा गया है। किसान गन्ना लेकर कारखाना पहुंच गए, लेकिन गन्ना पेराई आरंभ नही हुआ। गन्ना ट्रैक्टर से खाली नही हो पा रहे है। किसान 5 दिन से कारखाना में ट्रैक्टर को खड़ा कर उसकी निगरानी कर रहा है, लेकिन प्रबंधन कारखाना आरंभ करने के प्रति गंभीर नही है, शिकायत पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा कारखाना पहुंचे, चर्चा पर प्रबंधन ने तत्काल कारखाना प्रारंभ करने की आश्वासन दिया। बताया गया देर शाम तक कारखाना प्रारंभ नही हुआ।

जिले का एकमात्र कारखाना भी कुप्रबंधन का शिकार हो गया। आरोप है कि प्रबंधन ने प्रशासन को गलत जानकारी देकर अपनी वाहवाही लुटने के लिए इसकी पूजा अर्चना कर आरंभ करने की घोशणा कर दी। किसानों ने बताया 17 दिसंबर से टोकन काट दिया गया। किसान गन्ना लेकर कारखाना पहुंच भी रहे है। लेकिन किसान अब लगातार इंतजार कर रहे है।

बताया गया कि 17 दिसंबर से किसान ट्रैक्टर सहित कारखाना में खड़े है, आरंभ में कुछ वाहनों को खाली कराया गया, बाद में ट्रैक्टर खाली नही करा रहे है। प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि टोकन तिथि के हिसाब से किसान गन्ना काटकर कारखाना पहुंचा रहे है।

### अनलोडिंग से ट्रैक्टर जाम, किसान परेशान

गन्ना खाली नही होने से किसानों को चौतरफा नुकसान हो रहा है, खड़े खड़े ट्रैक्टर का कार्य का नुकसान हो रहा है, खड़ी गाड़ी का अतिरिक्त भाड़ा किसानों को लगेगा। बहुत दिन से कटे होने से गन्ना में सुखत की समस्या होगी, वजन कम होगा। इससे आर्थिक नुकशान होगा, रिकवरी कम आएगी, इससे बोनस का नुकसान होगा, ड्राईवर को अतिरिक्त भत्ता देना पड़ रहा है, सबसे बड़ी समस्या किसानों को यह है कि उसे लगातार वहां रूकना पड़ रहा है, लेकिन प्रबंधन को इससे कोई मतलब नही, वह मनमाने तरीके से कार्य कर रहा है। मामले में पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने कारखाना पहुंच प्रबंधन से चर्चा की, उन्हे तत्काल कारखाना आरंभ करने कहा। भैयाराम सिन्हा ने कहा भाजपा शासन में किसान हर तरफ परेशान है, धान खरीदी का बुरा हाल है, किसान टोकन के लिए भटक रहे है। अब गन्ना किसानों को भी सरकार परेशान कर रही है। आधी अधुरी तैयारी के साथ कारखाना प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई, लेकिन कारखाना पांच दिन बाद भी प्रारंभ नही हो सका है। किसान पांच दिन से भटक रहे है।

# नगर के 10 वार्डों में स्ट्रीट लाइट की मांग राकेश ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- जिला खनिज न्यास मद से स्ट्रीट लाइट स्वीकृति की मांग

जनसेवक संजारी बालोद व विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कलेक्टर को पत्र लिख कर जिला खनिज न्यास मद से बालोद नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, 02, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19 एवं 20 में स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य स्वीकृत किए जाने की मांग की है। पत्र में राकेश यादव ने कहा है कि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, 02, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19 एवं 20 भारी आबादी वाले क्षेत्र है। इन वार्डो में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिको के साथ विभिन्न कॉलेजो में अध्ययनरत छात्र छात्रओ का कॉलेज समय में नियमित आवागमन होता है। इस मार्ग से बड़ी संख्या मे अन्य जिलों व ग्रामों से लोग आवागमन करते है।

वर्तमान में उपरोक्त वार्डो में पर्याप्त स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था नही होने के कारण संध्या एवं रात्रिकाल में अत्याधिक अंधेरा रहता है। परिणामस्वरूप कॉलेज आने जाने के समय कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है तथा भारी आबादी एवं बढ़ते यातायात दबाव के कारण इन क्षेत्रे में दुर्घटनाएं लगातार होती रहती है जिससे नागरिको एवं छात्र छात्रओ की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

स्ट्रीट लाईट के अभाव में पैदल यात्रियों, साईकिल सवारो एवं वाहन चालको को आवागमन में गंभीर कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है जो जनसुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत चिंताजनक है। जन सुविधा के लिए इन वार्डों मे स्ट्रीट लाईट अत्यावशक है।

# रिहायशी क्षेत्र में जंगली भालू की दस्तक

## शहरवासियों में डर का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

ठंड बढ़ते ही दल्ली राजहरा शहर में जंगली जानवरों की आवाजाही लगातार बढ़ती जा रही है, ताजा मामला शहर के रिहायशी क्षेत्र स्थित सप्तगिरि पार्क के पास जंगली भालू देखे जाने का है, जिससे नगरवासियों में भय व्याप्त है।

सप्तगिरि पार्क, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक, योग और बच्चों के साथ समय बिताने आते हैं, उसी क्षेत्र में भालू का दिखना इस बात का सबूत है कि अब खतरा जंगल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर के बीचों-बीच पहुंच चुका है। सप्तगिरि पार्क के अलावा श्रमवीर चौक, फायर ब्रिगेड कार्यालय, वार्ड नंबर 1 (राजहरा बाबा वार्ड) जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी भालू की मौजूदगी सामने आ चुकी है। गुरुवार रात वार्ड नंबर 1 में रफीक कुरैशी के घर में एक युवा भालू द्वारा उत्पात मचाने की घटना ने लोगों को दहला दिया। वहीं रात करीब 2 बजे श्रमवीर चौक के पास भालू को घूमते देखे जाने की पुष्टि प्रत्यक्षदर्शियों ने की है। यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व डीएवी इस्पात स्कूल के सामने तेंदुए द्वारा गाय के बछड़े को शिकार बनाए जाने की घटना आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा न तो स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की गई और न ही समय रहते चेतावनी जारी की गई।



### अब मॉर्निंग वॉक भी सुरक्षित नहीं

पंडर दल्ली क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, 2, 5 और 7 सीधे जंगल से सटे हुए हैं। सुबह 4:30 बजे से बड़ी संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते हैं, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल होते हैं।राजहरा बाबा मंदिर, डंप ग्राउंड, मैगजीन क्षेत्र और अब सप्तगिरि पार्क-ये सभी इलाके अति संवेदनशील बन चुके हैं, लेकिन वन विभाग की सक्रियता सिर्फ कागजों और बयानों तक सीमित नजर आ रही है जनता का फूटा गुस्सा प्रत्यक्षदर्शी अनुज कुमार, कृष कुमार, किशन, सुनील सहित कई स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा भालू अब पार्क और घरों ▶▶| शेष पेज 11 पर

### अधिकारी ने कहा

वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कुमार ठाकुर ने कहा-ठंड में भोजन की तलाश में जंगली जानवर शहर की ओर आ जाते हैं। आज रात 9 बजे से गश्ती दल तैनात किया जाएगा और प्रशासन से सहयोग मांगा गया है।

### नगरवासियों की स्पष्ट मांग

नगरवासियों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि- जंगल से सटे और रिहायशी वार्डों में स्थायी वन सुरक्षा बल तैनात किया जाए रात्री गश्त और सीसीटीवी निगरानी तत्काल बढ़ाई जाए,सप्तगिरि पार्क, स्कूल, मंदिर और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलर्ट सिस्टम लगाया जाए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता- गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### विधायक ने बाबा घासीदास के विचारों की महत्ता बताई

# सतनामी समाज ने बड़े धूमधाम से मनाई बाबा गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- अतिथियों ने बाबा घासीदास के आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही

सतनामी समाज व समस्त ग्रामवासी गोड़ेला द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में गुंडरदेही विधानसभा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य नेमबाई साहू, ग्राम सरपंच वागीश बंजारे, एमडी बंजारे सहित सतनामी समाज के अतिथि उपस्थिति रहे, विधायक कुंवर निषाद ने कहा कि संत शिरोमणि घासीदास बाबा महान संत समाज सुधारक व मानवता का पुजारी थे। बाबा जी के विचार समाज में सही दिशा प्रदान करते है, उनके विचार, संदेश जो कि मनखे मनखे एक समान को जीवन में संकल्प लेते हुए समाज में आदर्श स्थापित करे।



ग्राम पंचायत गोड़ेला सरपंच वागीश बंजारे ने कहा गुरु घासीदास बाबा जयंती हमें उनके जीवन के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा देती है, गौर हो कि गोडेला में बाबा की जयंती पर घर आगन में सुंदर रंगोली बनाकर घर घर दीए जलाकर, आतिशबाजी कर घरो में मीठा चिला व व्यंजन बनाई गई, वही सभी ने मिलकर महा आरती उतार कर सुख समृद्धि की कामना किया।

## खबर संक्षेप

### पवन केसवानी को नारद राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान

**भिलाई।** पवन केसवानी को नारद राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान आचार्य सूर्य सागर द्वारा दिया गया। इस मौके पर देश भर के अनेक जाने-माने साहित्यकार, लेखक, धर्म शास्त्री मौजूद थे। शाश्वत हिंदू जागृति के वड़ोदरा में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार पवन केसवानी को पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए ये सम्मान दिया गया।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का सम्मेलन आज

**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर एक में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10.30 बजे पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि एफएसएनएल भिलाई के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील दीक्षित और विशिष्ट अतिथि सेल रिफेक्ट्रीज प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक विशाल शुक्ल होंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक युवितयों को अपने व्यक्तत्व को समाज के सामने रखने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा।

### भिलाई रत्न सम्मान से अलंकृत हुए दिनकर बसोतिया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्स्ट्रीज भिलाई द्वारा आयोजित गौरव दिवस समारोह में पूरे छत्तीसगढ़ से व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम में व्यापार, उद्योग, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में भिलाई चेम्बर के चेयरमेन दिनकर बसोतिया को प्रदेश के सबसे बड़े सेल डीलर होने एवं युवाओं को प्रेरित करने वाले नेतृत्व के लिए भिलाई रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन ने भिलाई चैंबर के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए चेंबर रत्न सम्मान प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। व्यापार और समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रकाश सांखला, अशोक राठी, सुनील मध्यानी, कांतिलाल बोदरा, शिव चंद्राकर एवं सीए पायल जैन को चेंबर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि भिलाई चैंबर गौरव दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के व्यापारी समाज की एकजुटता, सम्मान और सामूहिक प्रगति का प्रतीक है। प्रदेशभर से आए व्यापारियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चैंबर व्यापार, उद्योग और युवाओं के हित में निरंतर सशक्त भूमिका निभा रहा है। ऐसे आयोजनों से व्यापारी समाज को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर ने कहा कि भिलाई चैंबर का उद्देश्य केवल व्यापारिक हितों की रक्षा ही नहीं, बल्कि समाज और युवा पीढ़ी को प्रेरित कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना है। चेयरमेन दिनकर बासोतिया ने कहा कि भिलाई रत्न सम्मान मेरे लिए व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे भिलाई चैंबर और व्यापारी समाज के विश्वास का प्रतीक है। युवाओं को व्यापार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देना ही मेरा लक्ष्य है। इस अवसर पर मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा, रितेश अग्रवाल, शिवराज शर्मा आदि उपस्थित थे।

### रिटेंशन : सैकड़ों उम्रदराज कहां रहें, किराया बढ़ने से असंतोष

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा रिटेंशनधारियों का भारी किराया राशि बढ़ाने से निरंतर असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से तत्काल बढ़ाई गई राशि वापस लेने की मांग की है। ऐसा नही किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर रिटेंशनधारियों ने सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय से मिलकर राहत दिलाने की मांग की है। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार से बात कर जल्द समाधान दिलवाने का भरोसा दिलाया है। बीएसपी प्रबंधन ने टाउनशिप में निवासरत रिटेंशनधारियों व थर्ड पार्टी आदि का आवासीय किराया करीबन तीन गुना बढ़ा दिया है। इससे बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्माचारियों में भारी चिंता और असंतोष है। सैकड़ों उम्रदराज रहवासी यह सोचकर परेशान हैं कि इतनी बड़ी राशि वे कहां से जुटाएंगे।

## स्पर्धा : 22 गांवों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया भाग

# प्रतिभा खोज स्पर्धा के तहत दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता व व्यंजन मेला आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

प्रतिभा खोज स्पर्धा के तहत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर द्वारा शनिवार, रविवार को दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता साथ में एक दिवसीय शनिवार को व्यंजन मेला का आयोजन किया गया।

विद्यालय में अध्ययनरत पूर्व प्राथमिक प्राथमिक मिडिल हाई एवं हायरसेकेंड्री स्तर के 22 गांवों से आने वाले सैकड़ों विधार्थियो ने स्पर्धा में जमकर भाग लिया। प्राचार्य पीएल बारले बताया कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जनवरी 2026 में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में अतिथियों के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

दो दिवसीय खेल स्पर्धा का उद्घाटन करते हुए केमेस्ट्री एक्सपर्ट धनेश्वरी साहू बायो एक्सपर्ट शशि यादव खेल शिक्षक कविता साव ने किया। धनेश्वरी साहू ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल प्रतिभा विधार्थियो के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती है व्यंजन मेला में भागीदारी बच्चे व्यापार टेक्नीक व्यंजन निर्माण कला सीखते है जो कर्मठ राह दिखाती है। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के लिए वरदान मानी जाती है। विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज स्पर्धा विधार्थियो के लिए सर्वांगीण विकास का प्लेटफार्म है। बायो एक्सपर्ट शशि यादव ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर प्रतिवर्ष दिसंबर में प्रतिभा खोज स्पर्धा आयोजित करके विधार्थियो की प्रतिभा को तलाशने के लिए मंच प्रदान करती है।बच्चो को मंच और विजयी होने पर पुरस्कार प्रदान कर विद्यालय प्रबंधन बच्चो का होनहार भविष्य बनाने में दूरदशएँ सोच के साथ भूमिका निभाती है।

खेल शिक्षक कविता साव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन शेष जीवन की पट कथा लिखती हैं जीवन रूपी फिल्म का ट्रेलर है विद्याथएँ जीवन, प्रतिभा निखारने सिखाती और संस्कारित मंच भी देती सरस्वती शिशु मंदिर समाज में फैल रही संस्कार विहीन रास्तों से बचाने का हर संभव प्रयास भी करती है विद्यालय। सरस्वती शिशु मंदिर क्वांटिटी नहीं संस्कार क्वालिटी के लिए संचालित की जा रही है। यह व्यवसाय नहीं विशुद्ध समाजसेवा का उत्कृट प्रदर्शन है जो स्पष्ट झलकती और दिखती है।



# कुम्भकार समाज की बैठक संपन्न लक्ष्मण चक्रधारी बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज जिला इकाई बालोद का जिला स्तरीय बैठक ग्राम बरही में संपन्न हुआ। बैठक समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष आत्मा राम प्रजापति व महामंत्री हेमलाल कौशिक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। लक्ष्मण चक्रधारी समाज के जिला अध्यक्ष सर्व सहमती से चुने गए।

कार्यक्रम के सभापति सुखराम कुम्भकार के अनुमति से चुनाव अधिकारी द्वय प्रदेश उपाध्यक्ष आत्मा राम कुम्भकार व कांकेर जिलाध्यक्ष माखन लाल प्रजापति द्वारा बालोद जिला के वर्तमान जिला पदाधिकारियों के कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण नए पदाधिकारियों का चुनाव मनोनयन पद्धति से सम्पन्न कराया। जिसके अंतर्गत जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चक्रधारी, उपाध्यक्ष ढाल सिंह चक्रधारी, सचिव रविशंकर कुम्भकार, सहसचिव हेमंत प्रजापति, कोषाध्यक्ष अरुण प्रजापति, प्रांतीय प्रतिनिधि भरतलाल कुम्भकार तथा सलाहकार के लिए क्रमशः गोपाल प्रजापति व यादव राम कुम्भकार का मनोनयन किया गया। इस बैठक में कुछ सामाजिक प्रकरणों का भी निपटारा किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों के अलावा बालोद जिला के सभी केंद्रों बरही, डौंडी, घोटिया, खेरथाबाजार, गुरेदा, नेवारी, खपरी, खुंटेरी व पुरूर से कुम्भकार समाज के स्वजातीय सदस्य सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी पवन कुम्भकार बरही द्वारा दिया गया।

# न्यायिक अधिकारियों के लिए कम्प्यूटर कौशल संवर्धन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर के तत्वावधान में दुर्ग संभाग के समस्त न्यायिक अधिकारियों के लिए कम्प्यूटर कौशल संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन वीन कॉन्फ्रेंस हॉल, जिला न्यायालय, दुर्ग में किया गया।

कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के अंतर्गत जिला बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, कबीरधाम एवं राजनांदगांव के सभी न्यायिक अधिकारियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी दक्षताओं को सु–ढ़ करना तथा न्यायालयीन कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदशएँ एवं तकनीक सक्षम बनाना था। उद्घाटन सत्र में न्यायालयीन अभिलेखों का डिजिटलीकरण, पेपरलेस कोर्ट की अवधारणा, न्यायालयीन कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग, ई–साक्ष्य (डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन), ई–कॉपींग, हाईकोर्ट फास्टर मेल सेवा, ई–एससीआर पर जजमेंट सर्च, सीसीटीएनएस, आईसीजेएस एवं मेरी पहचान, साथ ही सीआईएस 4.0 का अवलोकन एवं हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान की गयी। यह सत्र मास्टर ट्रेनर प्रतीक टेम्भुरकर, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायगढ़ एवं मास्टर ट्रेनर सतप्रीत कौर छाबड़ा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बालोद (डौंडीलोहारा) द्वारा गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत पर्यावरण अनुकूल पौधे देकर किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथियों को जिला न्यायालय के मध्यस्थता केन्द्र दुर्ग द्वारा मध्यस्थता पर आधारित एवं प्रकाशित पुस्तक सद्भाव एवं समाधान की यात्रा की प्रति प्रदान की गयी। इसके साथ ही जिला बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम एवं राजनांदगांव से उपस्थित मुख्य अतिथियों को उनके जिले के अपराध के संबंध में केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध बंदियों द्वारा बनायी गयी पेंटिंग्स भी भेंट स्वरूप प्रदान की गयी। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधिपति छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के संदेश से प्रेरित होकर दुर्ग जिले में बच्चों की सुरक्षा के संबंध में की जा रही नवीनतम पहल बाल सुरक्षा ब्रिगेड से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से टेक्नोलॉजी से संबंधित आकर्षक रंगोली बनायी गयी। इसके साथ ही कार्यक्रम में केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध बंदियों, पैरालीगल वालेंटियर्स तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कर्मचारियों द्वारा बनायी गयी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी रखी गयी थी।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**बालोद।** ग्राम कोचेरा गुरूर ब्लाक में कार्यक्रम के बाद टेंट निकाल रहा युवक हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। जिसके बाद युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोहारा निवासी खोमेन्द्र साहू ग्राम कोंचेरा मे टेंट निकालने के लिए गया था, जहां वह टेंट निकालने का काम कर रहा था, इसी दौरान युवक पास से गुजरे हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे झटका लगने से युवक नीचे गिर गया, जहां आस पास मौजूद लोगो के द्वारा युवक को पास के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से युवक को धमतरी रेफर कर दिया गया। जहां ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। वही युवक के शव का पीएम होने के बाद शव को उसके गृह ग्राम लाकर अंतिम संस्कार किया गया। वही पुलिस द्वारा मामले की जानकारी मिलने के बाद जांच की जा रही है।

# चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हथौद में स्वर्गीय रूप राम साहू की स्मृति में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद एवं चेयरमेन भारतीय रेडक्रास सोसायटी तोमन साहू के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और उनके बीच आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सिन्हा ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच लता बाई सांघरे, योगेंद्र कुंजाम उपसरपंच, अध्यक्ष हथौद भजन साहू व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर तोमन साहू ने कहा कि खेल के माध्यम से हम युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बना सकते हैं, बल्कि उनके मानसिक विकास में भी मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं को अपने कौशल को दिखाने का अवसर मिलता है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। तोमन साहू ने कहा कि खेल में हार–जीत चलती रहती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम खेल को खेल की भावना से खेलें और एक दूसरे के साथ सहयोग और सौहाद्र का व्यवहार करें। कार्यक्रम का संचालन भजन साहू ने किया और आभार प्रदर्शन योगेंद्र कुंजाम ने किया।

# तवेरा में राज्य स्तरीय सस्वर संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम तवेर गुंडरदेही मे त्रि दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य सस्वर संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता दो वर्ग मे आयोजित किया गया है।

श्री राम धर्मोत्सव, कल्याण, मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी तवेरा के तत्वाधान में तीन दिवसी मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी शुक्रवार से रविवार तक रखा गया। पुरस्कार वितरण के रूप में पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 3000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2500 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 1500 रुपये, पंचम पुरस्कार के रूप में 1100 रूपये रखा गया है। महिला वर्ग के लिए भी पुरस्कार रखा गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 3000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2500 रूपये, तृतीय पुरस्कार नीति पुरस्कार 2000 रुपये और चतुर्थ पुरस्कार 1500 रूपये रखा गया है। विशेष पुरस्कार के रूप में सर्वश्रेष्ठ व्याख्या, वादन, संगीत वेशभूषा 501 रुपया रखा गया है।

श्री राम धर्मोत्सव, जनकल्याण मानस प्रचार समिति के संरक्षक के रूप में हमारे ग्राम पंचायत के सरपंच शैलेंद्र निषाद, अध्यक्ष वीरेंद्र सेन, उपाध्यक्ष रिकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश निर्मलकर, सचिव भूपत निर्मलकर, संचालक भूषण साहू, कमलेश्वर प्रसाद साहू, संयोजक वीरेंद्र साहू, तुकेश निषाद, जितेंद्र पटेल, भीखम पटेल एवं समस्त सदस्य गण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम तवेरा उपस्थित थे।

# दुर्ग पुलिस की सटीक जांच से मिली सजा, पुलिस जवान पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले में हत्या, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस, अन्य गंभीर मामलों में न्यायालय ने दोषियों को उम्रकैद, सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। ये सभी फैसले पुलिस की सटीक और जांच का परिणाम होने पर भिलाई पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस जवानों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को पुरस्कृत कर नकद इनाम भी दिया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि कानून का सही क्रियान्वयन तभी संभव है। जब विवेचना मजबूत, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सुदृढ़ हो। उन्होंने जोर दिया कि दुर्ग पुलिस ने सटीक साक्ष्य और ईमानदार जांच से अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता पाई है। एसएसपी ने सभी जांच को भविष्य में ई-साक्ष्य, डिजिटल एविडेंस, तकनीकी साधनों का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। प्रकरण में सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर 60 से 90 दिनों की निर्धारित अवधि में चालान न्यायालय में पेश किया जाए। थाना नंदिनी नगर के एक मामले में आरोपी सूर्यकांत वर्मा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना दुर्ग के एक अन्य हत्या प्रकरण में राकेश साहू और अन्य आरोपियों को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास तथा धारा 307/34 के तहत 7 वर्ष का कारावास दिया गया।

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में दुर्ग पुलिस की जांच ने न्याय सुनिश्चित किया। थाना सुपेला और पुरानी भिलाई के पॉक्सो मामलों में दोषियों को 20-20 वर्ष की सश्रम कारावास दी गई। जबकि उतई थाना क्षेत्र में आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम सजा सुनाई गई। बलात्कार और अपहरण से जुड़े मामलों में भी अदालत ने कठोर निर्णय दिए। अपहरण, डकैती और एनडीपीएस मामलों में भी सख्त कार्रवाई की गई। अपहरण के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष तक की सजा दी गई।

## बालोद में विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यशाला हुई

# भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसके अनुशासित कार्यकर्ता : पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





विधानसभा स्तरीय कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जूंगेरा बालोद में संपन्न हुई। निर्णय लिया गया कि अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को सुशासन दिवस के रूप में मनाने हर बूथ पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्राही, बालोद जिला संगठन प्रभारी संध्या परगनिहा तथा संजारी बालोद विधानसभा प्रभारी दीपक महस्के मुख्य रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजएँ के तैल चित्रें पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जिले की संगठनात्मक स्थिति एवं भावी कार्ययोजना की जानकारी प्रदान की। जगन्नाथ पाणिग्राही ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ता हैं, जिनकी एकजुटता के बल पर पाटएँ निरंतर जनता का विश्वास अर्जित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनावी समय में ही नहीं, बल्कि हर परिस्थितियों में जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने युवाओं को संगठन की धुरी बताते हुए उन्हें जनसेवा, जनजागरण एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

संध्या परगनिहा ने आगामी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष मे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रत्येक गाँव में स्थित अटल चौक की साफ–सफाई, सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा 25 दिसंबर को अटल जी की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई जाए। दीपक महस्के ने कहा कि भाजपा एक विचारधारात्मक एवं अनुशासित संगठन है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आगामी समय में बूथ सशक्तिकरण, संगठनात्मक विस्तार एवं जनसंपर्क अभियानों को और अधिक गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्री राकेश यादव छोटू ने किया। कार्यक्रम में लघु वनोपज संघ प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पवन साहू, —ष्णकांत पवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू, जिला मंत्री सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, लोकेश श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, नंदकिशोर शर्मा नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू, जनपद गुरुर उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला कार्यालय मंत्री विनोद जैन, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, अमित चोपड़ा, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, आनंद शर्मा, टुकेश्वर पांडे, अनु.जन जाति जिला अध्यक्ष —ष्णा ठाकुर, समीर खान, आदित्य पिपरे, अकबर तिगाला, संजय साहू, रौनक कत्याल, छगन देशमुख, सहित बड़ी संख्या में मंडल महामंत्री, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बीएलए 2 तथा मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## बेलमांड में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन



**बालोद।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलमांड में शनिवार को पालक–शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों ने अपने विचार रखे। पालकों से अपने पाल्य पर परीक्षा के दौरान विशेष ध्यान देने का निवेदन किया गया। इसके लिए वे सहर्ष सहमत हुए। मोबाईल देखने पर प्रतिबंध लगाने का निवेदन किया गया और उनकी उत्तरोत्तर प्रगति के लिए पालकों से सहयोग की अपील की गयी। इस अवसर पर एसएमडीसी. अध्यक्ष सत्या गांवरे, सदस्यगण पोषकरण साहू, नरेन्द्र साहू, तोरण नेताम, द्वारका लेंडिया, मधुलता यादव, सत्या साहू, रेवती साहू, प्राचार्य मोहन गजेन्द्र, स्टाफ सदस्य कमलेश्वरी सलाम, अजय देशमुख, आलोक सुकतेल, प्रीति शुक्ला, अश्वन ठाकुर, इमेन्द्र गंजीर, डेमन गौरे, नीलम ठाकुर, मनीषा अग्रवार, किरण कोशिमा, चंदारानी साहू पुष्पलता भेड़िया, गीता कांडे उपस्थित थे।

## ट्रक एक्सीडेंट में हेल्पर घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ट्रक ड्राईवर द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से ट्रक एक्सीडेंट हो गया। जिससे ट्रक में बैठे हेल्पर घायल हो गया। जिसके बाद हेल्पर की बहन ने ट्रक ड्राईवर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नाकापारा माटवाडा बीजापुर थाना जांगला जिला बीजापुर निवासी राजेश्वरी देवांगन पति जितेन्द्र कुमार देवांगन 34 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरे बडे भाई ग्राम लाटाबोड वार्ड नं0 19 दुर्ग रोड मुस्कान चौक थाना बालोद निवासी महेन्द्र कुमार नेताम पिता रिखीराम नेताम 37 साल 05 दिसंबर को ट्रक सीजी 07 बीवाई 1487 में ड्रायवर पुनेश्वर गौर ग्राम खैरवाही थाना बालोद के साथ उसके ट्रक में हेल्पर साईड बैठकर रायपुर से कच्चे माइंस जा रहा था, शाम करीबन 06:30 बजे के आस पास ग्राम मोखा के पहले मेन रोड में ड्रायवर पुनेश्वर गौर अपने वाहन को एक खड़ी ट्रक को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।जिससे इनके ट्रक सीजी 07 बीवाई 1487 का केबीन हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तथा केबिन में हेल्पर साईड बैठे महेन्द्र कुमार नेताम को चोंटे आई है, जिसका ईलाज गुण्डरदेही अस्पताल के बाद जिला अस्पताल बालोद तथा अस्पताल भिलाई में भर्ती कर कराये है, अस्पताल में डाक्टरो द्वारा महेन्द्र कुमार नेताम को अंदरूनी चोटे होना, बाडी पैरालेसिस होना बताकर घर ले जाने की सलाह दिये जाने पर अस्पताल से घर ग्राम लाटाबोड लाकर देख रेख कर रहे है।

पेज 9 का शेष

## अब मॉर्निंग वॉक भी ...

के पास दिख रहा है, फिर भी वन विभाग हर बार देर से जागता है। लोगों का कहना है कि 'भोजन की तलाश' का रटा-रटाया बहाना बनाकर वन विभाग अपनी जिम्मेदारी से बचता रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि न तो नियमित गश्त है, न अलर्ट सिस्टम और न ही ठोस रोकथाम के उपाय।

**प्रवचन**

## शिव केवल धन नहीं सुख-शांति और सद्बुद्धि का आशीर्वाद देते हैं : प्रदीप मिश्रा

# ग्राम नागपुरा में शिव महापुराण कथा का भावपूर्ण समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम नागपुरा में आयोजित पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का अंतिम दिन अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। कथा के पांचों दिनों में शिव भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा श्रवण किया, और समापन अवसर पर महादेव की कृपा के अनुभव के साथ लौटे। अंतिम दिन के मुख्य कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जैसे कोई मेहमान घर आता है और कुछ उपहार देकर जाता है, वैसे ही शिव महापुराण कथा के अंत में भगवान शिव अपने भक्तों को केवल धन ही नहीं, बल्कि सुख, शांति, स्वास्थ्य, सद्बुद्धि और संकटों से मुक्ति का आशीर्वाद देते हैं।

कथावाचक ने बताया कि शिव महापुराण कथा का उद्देश्य केवल कथा सुनना नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। शिव भक्ति मनुष्य को अहंकार, क्रोध और लोभ से मुक्त कर सेवा, करुणा और संयम के मार्ग पर ले जाती है। उन्होंने बताया कि जो भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ कथा श्रवण करता है, उसका जीवन शिव कृपा से परिपूर्ण होता है।



अंतिम दिन हवन, पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ कथा का विधिवत समापन हुआ। पूरे पंडाल में "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर अपने परिवार और ग्राम की सुख-समृद्धि की कामना की। कथावाचक ने भगवान शिव के करुणामय, सर्वस्वीकारी और रक्षक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिव पूजा से अहंकार नष्ट होता है और जीवन में संयम, करुणा और शक्ति का विकास होता है।

महाराज जी ने कथा में कहा, "शंकर को माता-पिता दोनों कहा जाता है, तुम ही माता हो, तुम ही पिता हो।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जीवन की कठिनाइयों में शिव भक्त का सहारा स्वयं महादेव बन जाते हैं। शिव न किसी से वैर रखते हैं और न भेदभाव करते हैं; वे केवल सच्चे भाव देखते हैं।

कथा के दौरान दुर्ग पुलिस की सराहना करते हुए महाराज जी ने कहा कि साइबर ठगी समाज के लिए गंभीर चुनौती है, लेकिन दुर्ग पुलिस ने सजगता और तत्परता से इस पर प्रभावी रोकथाम की है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे साइबर अपराधों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

कथा के समापन पर पूरे पंडाल में "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे शिव के बताए मार्ग सत्य, सेवा और सदाचार पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएंगे। पांच दिनों तक चली इस कथा ने नागपुरा ग्राम को शिवमय बना दिया और हर भक्त के हृदय में महादेव की कृपा का अनुभव छाया।कथा के इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान सरोज रिंगरी एवं भूपेद रिंगरी रहे। वहीं शिवरात्रि कथा के सफल आयोजन में मुख्य यजमान रिया लक्ष्मी साहू, लिकेश साहू, हेमंत देशमुख, बालकृष्ण निषाद एवं संदीप जैन जी की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में नागपुरा सरपंच सोमेश्वर यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, प्रेमलता यादव, जूही संजय चौबे एवं प्रिया साहू (संयोजक, नगपुरा–दुर्ग) का सराहनीय सहयोग रहा। पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग माया बेलचंदन, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्राकर सहित क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे। सभी ने आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# विधायक ने नवजात शिशु को पोलियो दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

विधायक संगीता सिन्हा द्वारा नवजात शिशु को पोलियो दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में किया गया।

विकासखंड गुरुर में विधायक द्वारा नवजात शिशु को पोलियो दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ कर सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक संदेश दिया गया कि बच्चे देश के भावी पीढ़ी हैं इनके सेहत का ख्याल रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं ताकि हमारे बच्चे किसी प्रकार के विकलांगता से ग्रसित ना हो क्योंकि इनका अभी तक स्थाई रूप से इलाज नहीं है खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया है कि अभियान में छूटे हुए सभी बच्चों को गृह भ्रमण कर दवा पिलाई जाएगी साथ ही निर्माण कार्य, मजरा टोला बसाहट घुमंतू परिवार, आयोजित मेला मंडई, धार्मिक आयोजन में आए हुए बच्चों को भी दवा पिलाई जाएगी। उक्त अवसर पर प्रदीप साहू, नारायण टेके व स्टाफ के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आनंद पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल, डौंडीलोहारा में आनंद मेला (मड़ई महोत्सव) का आयोजन हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

शुभारंभ सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, पूर्व अध्यक्ष नोपचंद जैन, पूर्व अध्यक्ष संदीप जैन, सदस्य प्रभा जैन तथा पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यदु एवं उपाध्यक्ष शिवेंद्र बहादुर के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर सरस्वती वंदना, नवकार मंत्र एवं आनंदम मंत्र का सस्वर पाठ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में नर्सरी कक्षा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रथम नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात सुवा, कर्मा, ददरिया, भांगड़ा, राजस्थानी, कठपुतली, फोक एवं साउथ इंडियन डांस की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। आनंद मेले में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा फूड स्टॉल लगाए गए, जहां डोसा, इडली, बड़ा, पावभाजी, चाउमीन, पास्ता, मैगी, चाय-कॉफी सहित विविध व्यंजनों का आनंद विद्यार्थियों व पालकों ने लिया। साथ ही साइंस एग्जीबिशन में बाल वैज्ञानिकों ने अपने-अपने मॉडल की जानकारी अतिथियों को दी। इस अवसर पर शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल में तानिया सिन्हा प्रथम, स्वीकृति जैन द्वितीय, चैतन्य टेकाम तृतीय तथा हायर सेकेंडरी में डिंपी चंद्राकर प्रथम, आरती जैन द्वितीय एवं अंशुल भंसाली तृतीय रहे। बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड प्री-प्राइमरी में काव्या सोनकर एवं लियांस ठाकुर, प्राइमरी में मनल हरदेल व मर्यादा देवांगन, मिडिल में सुमित कुमार ठाकुर व साक्षी वैष्णव तथा हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में समीर भंडारी एवं प्राची संचेती को प्रदान किया गया।

प्राचार्या सैनी मैथ्यूज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं अध्यक्ष प्रतीक जैन ने विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के संचालन वी.के. साहू एवं अनिल थॉमस ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# पंथी नृत्य प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बाबा गुरु घासीदास जी के संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुण्डरदेही विकासखंड के

■ पंथी कलाकारों की ओजस्वी प्रस्तुतियों से भक्तिमय हुआ माहौल





ग्राम सिर्री और ग्राम कोसा में भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। इस दौरान कलाकारों की ओजस्वी प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विभिन्न ग्रामों से आई पंथी टोलियों ने मांदर की थाप पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सफेद धोती और घुंघरू पहने कलाकारों ने जब पिरामिड बनाकर बाबा जी के जयकारे लगाए, तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलाकारों द्वारा बनाए गए बहुमंजिला पिरामिड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। मांदर और झांझ की जुगलबंदी ने दर्शकों में जोश भर दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पंथी नृत्य केवल एक कला नहीं, बल्कि बाबा गुरु घासीदास जी के मनखे–मनखे एक समान के संदेश को जीने का माध्यम है। आज की युवा पीढ़ी जिस तरह अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेज कर रख रही है, वह सराहनीय है। कलाकारों की ऊर्जा और अनुशासन देख कर गर्व की अनुभूति होती है। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टोलियों को स्मृति चिन्ह और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले ने कहा बाबा गुरु घासीदास जी जयंती जिले मे 31 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इसके माध्यम से हम बाबाजी के संदेश का जन जन तक पहुंचाने व सभी एक है इस भाव को स्थापित करने का प्रयास कर रहे है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही संध्या मनोज, जिला सतनामी समाज महासचिव संजय जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज गुण्डरदेही नीलकंठ टंडन, ब्लॉक उपाध्यक्ष सतनामी समाज गुण्डरदेही निर्मला पाटिल, सरपंच ग्राम पंचायत सिरएँ भारती देवांगन, अठगंवा अध्यक्ष महेन्द्र कुमार सोनवानी, पूर्व सरपंच कोसा राजेन्द्र चंद्राकर, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष तह सतनामी समाज गुण्डरदेही कुणाल सिंह उपस्थित थे।

## महाप्रभु वल्लभाचार्य के अवतरण की पावन भूमि भी है छत्तीसगढ़ : डॉ. शर्मा

**भिलाई।** साहित्याचार्य, शिक्षाविद् एवं लेखक आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा चम्पारण की सांस्कृतिक और साहित्यिक यात्रा कर लौटे। डॉ. शर्मा ने बताया कि चम्पा पुष्पों की अधिकता वाले वनों और उपवनों के कारण छत्तीसगढ़ की पावन धरती चम्पारण्य कहलाती थी। इस आध्यात्मिक यात्रा में डॉ. शर्मा की पत्नी श्रीमती रजनी गौरी शर्मा भी साथ थीं। डॉ. शर्मा ने बताया कि इसी पावन भूमि पर ही शताब्दियों पहले महाप्रभु वल्लभाचार्य अवतरित हुये। चम्पारण तीर्थ स्थल राजधानी से 50 किमी दूरी पर स्थित है । स्वयंभू चम्पेश्वर शिव के अलावा यहां श्रीराम और श्रीकृष्ण आदि के भी भव्य मंदिर हैं। महादेव शिव यहां के इष्टदेव हैं। प्राकृतिक वनस्पतियों और बड़ी संख्या में गौशालाओं के कारण ये छत्तीसगढ़ का वृन्दावन भी कहलाता है।

# गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती पर चंदखुरी में भव्य समारोह और मड़ई मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक, वार्ड क्रमांक 12 एवं 13, जिला दुर्ग में परमपूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के पावन अवसर पर इस वर्ष 28 दिसम्बर रविवार को गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमनलाल कोसेवाड़ा विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शामिल होंगे। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी, जिनमें आशा विक्की मिश्रा (जिला पंचायत सदस्य, दुर्ग), कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन (अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग), गोपाल यादव (जनपद सदस्य), सबा अंजुम (पद्मश्री, एएसपी एवं पूर्व कप्तान भारतीय महिला हॉकी टीम), आर. एस. बारले (पद्मश्री एवं अंतरराष्ट्रीय पंथी नृतक), शीतल कोठारी (अध्यक्ष, दुर्ग तहसील सतनामी समाज), जुगल प्रसाद जोशी (अध्यक्ष, अंडा परिक्षेत्र सतनामी समाज) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त कविता यादेश ठाकुर (सरपंच, ग्राम पंचायत चंदखुरी), योगिता जितेन्द्र यादव (उपसरपंच), खेमलाल चंद्राकर (भूतपूर्व सरपंच), बी. आर. जोशी (व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदखुरी), संदीप सिरमौर (अध्यक्ष, सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन, राजस्थान) एवं भूषण लाल साहू (प्रदेश महासचिव, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी) भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। समारोह की शुरुआत सुर वंदना से होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत रात्रि 10:30 बजे शशी रंगीला स्टार नाइट का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही जय सतनाम भजन मंडली एवं बालिका पंथी पार्टी, लभांडी (रायपुर) द्वारा पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम "एक प्रयास नशा एवं अपराध मुक्त समाज" के संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना। यह जानकारी समिति के सदस्य नर्सिंग बारले ने दी।

# बेलमांड में एनएसएस शिविर का आगाज

## स्वास्थ्य जागरूकता और व्यक्तित्व विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





सेजेस झलमला के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक द्वारा ग्राम बेलमांड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम बेलमांड की सरपंच चमेली भाई ने माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया, स्वयं सेवकों ने सरस्वती वंदना राज्य गीत एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

उद्घाटन समारोह में सेजेस झलमला के शिक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य वीके पटेल द्वारा उद्बोधन किया तथा कार्यक्रम अधिकारी गोमती भूआर्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताते हुए शिविर की दिनचर्या से अवगत कराया गया, अतिथियों एवं अध्यक्ष द्वारा बच्चों का राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य एवं शिविर में सहयोग प्रदान करने की बात की गई। स्वयं सेवकों द्वारा प्रत्येक दिन प्रभात फेरी भी किया गया। परियोजना तथा बौद्धिक परिचर्चा में लुकेश्वर ने हेल्थ संबंधी जानकारी सभी ग्राम वासियों को बताया, वही बीपी, शुगर होने के कारण और उससे बचाव को बताया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी स्वयं सेवक ने भाग लिया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वय ज्ञानेंद्र दिवान ने स्वयं सेवकों को व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य बताते हुए अनुशासन के महत्व को बताया तथा ज्ञानवर्धक जानकारी दिया।

**मुख्य आयुक्त और जिला आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक**

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी की तैयारियों पर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद द्वारा प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के निर्देशन में एवं जिला आयुक्त मधुलिका तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला संघ बालोद के जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सहायक आयुक्त नवीन यादव, हिमांशु मिश्रा, ललित चंद्राकर, मोहनी यादव, प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, जिला सचिव केएल. गजेंद्र, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, डीओसी. द्वय नेम सिंह साहू एवं प्रेमलता चंद्राकर, डीटीसी भुवन सिन्हा, सीमा साहू, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, विकास खण्ड सचिव चंद्रशेखर दिल्लीवार, रूपेन्द्र सिन्हा, सेवाराम प्रेमन, मनीराम साहू, संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे, लिली पुष्पा एक्का सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में जंबूरी की विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं बालोद जिले की सहभागिता से संबंधित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सभी विद्यालयों को आपसी समन्वय एवं सहभागिता के साथ निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के आयोजन की तैयारियां तेजी से प्रारंभ हो चुकी हैं। यह आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू तथा राज्य आयुक्त (रोवर) अशोक देशमुख के मार्गदर्शन में संपन्न किया जाएगा। जंबूरी आयोजन को सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने हेतु सभी विद्यालयों के यूनिट लीडर्स द्वारा समन्वय के साथ तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

# नवागांव नर्सरी में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**जामगांव आर।** ग्राम नवागांव नर्सरी मे ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर कमलेश साहू, सरपंच टेमरी वरुणदेव नेताम, सरपंच प्रतिनिधि किकीरमेटा जेठूराम निषाद, युवराज साहू, तुशांत टंडन मंचसीन रहे। सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ–साथ मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। शुभारंभ अवसर पर तामेश्वर साहू, अजय बंजारे, संजू कुमार, सत्येंद्र डहरे, कुलदीप साहू, कमलेश साहू, तरुण बंजारे, रुपेश साहू, रामजी नेताम, कमलेश सोनवानी, लोकेश साहू, गीतेन्द्र साहू, विनोद साहू, ओमप्रकाश साहू, भीमसेन, योगेश साहू, नीलेश साहू, खिलेश गंजीर, गुलशन यादव, अभिषेक सेन, कयूम खान खिलाड़ी सहित ग्रामीण युवा उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### आलबरस में गुरु घासीदास जयंती पर मड़ई मेला आज

**अंडा।** गुरु घासीदास जयंती गुरु पर्व एवं मंडाई जय स्तम्भ चौक ग्राम आलबरस जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ स्नेही स्वजन आपको आमंत्रित किया जा रहा है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास की कृपा से हमारे ग्राम आलबरस जय स्तम्भ चौक में बाबा गुरु घासीदास के गुरु पर्व एवं जयंती के साथ में मंडाई मेला का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम 22 दिन सोमवार पूजा कार्यक्रम - 12 बजे से कलश यात्रा, 2 बजे से अतिथि स्वागत एवं ध्वरोहण 4 बजे से अतिथिगण मुख्य अतिथि - विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सरस्वती बंजारे। विशेष अतिथि पंथी के पितामह पुराणिक लाल चेलक। सैनिक भुवन लाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस। अध्यक्ष सतनाम भवन सेक्टर 6 बी. एल कुर्रे । राजभाषा सचिव रायपुर अनिल भतपहरी। अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग चंद्रशेखर बंजारे। अध्यक्ष दुर्ग तहसील सतनामी समाज शीतल कोठारी। अध्यक्ष अंडा निकुम मंडल लीकेश्वर देशमुख। दुर्ग तहसील सतनामी समाज पूर्व अध्यक्ष दिनेश देशलहरे राजमहंत। डॉक्टर निकुम डॉ. डी मार्कण्डेय। अध्यक्ष अंडा परिक्षेत्रीय सतनामी समाज जुगल जोशी। उपसरपंच ग्राम पंचायत आलबरस नंदूराम देशमुख। पंचायत सचिव ग्राम पंचायत आलबरस सरस्वती टंडन, इंद्रजीत महिलांगे। भाजपा कार्यकर्ता लक्ष्मण देशमुख। ग्राम आलबरस पुलिस संघ ग्रुप। सोसायटी अध्यक्ष आलबरस प्रताप यादव। रात्रिकालीन कार्यक्रम नवा किरण लोककला नाचा संस्था भंडारपुर डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव विनीत समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी आलबरस।

### स्कूली छात्रों में मारपीट अपराध दर्ज

**भिलाई।** स्कूली छात्रों के आपसी रंजिश को लेकर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। घटना में एक छात्र के बड़े भाई को काफी चोटें आई हैं। पद्मनाभपुर पुलिस के मुताबिक खालसा स्कूल के एक छात्र का अन्य दूसरे स्कूल के छात्र से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद उस समय शांत हो गया, लेकिन थोडे देर बाद अपने 10 से 11 दोस्तों के साथ भीड़ जुटा लिया। पीडित पर 19 दिसंबर को अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना अचानक हुआ कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी छात्र नाबालिग है। 11वीं और 12वीं में अलग-अलग स्कूल में पढ़ते है। हमले के दौरान जब खालसा स्कूल के छात्र का बड़ा भाई केशव बीच-बचाव के लिए पहुंचा। छात्रों के मुताबिक पूरा मामला एक मामूली विवाद के कारण उपजा था। चाकू से हमला करने वाले आरोपी युवक आपराधिक प्रवृत्ति का होना बताया गया है।

### अहाता संचालक ने आरक्षक से की मारपीट

**भिलाई।** शराब भट्ठी के पास बाथरूम करने वाले आरक्षक के साथ जमकर मारपीट कर जेब में रखे रकम को निकलने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दारा धारा 309(6) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि 15 दिसंबर की रात शराब अहाते का संचालक और उसके साथियों ने मिलकर आरक्षक हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी मोहम्मद कैफ से जमकर मारपीट की।

**आयोजन : ग्राम व राष्ट्र विकास में महिलाओं की सहभागिता पर जोर**

# पुरूर में सप्तशक्ति संगम का आयोजन, मातृशक्ति के जागरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर







■ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ सप्तशक्ति संगम का शुभारंभ

सरस्वती शिशु मंदिर पुरुर में सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पवन रेखा मरकाम थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत मिरीटोला सरपंच हीरामणि साहू ने किया। विशेष अतिथि चेमीन साहू थी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्र जा पि ता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पुरूर की स्वाति बहन थी। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंजू साहू दीदी के नेतृत्व में माता सरस्वती जी की वंदना पश्चात विद्यालय की दीदी खुमेश्वरी साहू ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ शक्तियों के गौरव को जागृत करना, नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा माताओं की रचनात्मक शक्ति पर चर्चा हेतु एकत्रीकरण है।

भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर विस्तृत जानकारी देते हुए, सप्त शक्तियों को श्लोक के माध्यम से बताया गया। शुभ पंचांग पिकी सेन दीदीजी द्वारा तथा सुभाषित तूमेश्वरी दीदी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वाति बहन ने कुटुंब प्रबोधन पर अपना व्यकतव्य देते हुए उपस्थित मातृ शक्तियों को वसुदेव कुटुंबकम की भावना के साथ संसार हमारा परिवार और संस्कारित पीढ़ी निर्माण में उनकी भूमिका, शिक्षा संस्कार में महिलाओं की भागीदारी, बाल संस्कार, चरित्र निर्माण, संस्कृति संरक्षण को विस्तार से बताते हुए अपने परिवार को किस प्रकार संगठित रखकर सुसंस्कृत बनाना है के संबंध में उद्बोधन दिए। मुख्य अतिथि पवन रेखा मरकाम द्वारा पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी, पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महिलाएं किस प्रकार सहयोग कर सकती हैं को बताया तथा सरकार की महिलाओं के लिए क्रियान्वित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दिया गया।

आयोजक विद्यालय की दीदीयो मनीषा साहू द्वारा सावित्री बाई फुले, संतोषी नागवंशी द्वारा रानी दुर्गावती, कामिनी साहू द्वारा रानी चेन्नम्मा, कुमारी सीमा निषाद द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर, कुमारी चित्रलेखा पटेल द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा मेंऐतिहासिक मूल्य का अभिनय कर प्रस्तुति दिया।

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित चेमिन साहू द्वारा अनुभव कथन में कार्यक्रम को प्रेरणादायक एवं भावनाओं से परिपूर्ण बताया। जिसमें प्रेम, वात्सल्य, अनुशासन और ज्ञान से भरपूर बताते हुए इतिहास की नायिकाओं के वेशभूषा में विद्यालय की दीदियों द्वारा प्रस्तुति दिए गए। सरपंच हीरामणि साहू ने ग्राम विकास में महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र की विकसित बनाने के लिए ग्राम को विकसित बनाने में हिस्सा लें। आभार कार्यक्रम की संयोजिका आरती सोनबरसा द्वारा किया गया।

उपस्थिति मातृशक्तियों को आरती सोनबरसा द्वारा अपने एवं भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव का भाव रखते हुए कुल परंपरा सीखाने, मितव्ययिता के साथ घर चलाने, पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने, नागरिक कर्तव्यों का पालन करने,परिवार समाज राष्ट्र तथा विश्व कल्याण के लिए कार्य करने, अपनी सप्तशक्ति का जागरण करने के लिए संकल्प भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन नीमा साहू एवं कुमुदिनी यादव दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे खिलेश्वरी साहू, रोशनी साहू, सोनम साहू, हेमलता सिन्हा दीदियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में शशि कला सोनबरसा, पूजा सिन्हा, हितेश्वरी साहू, कुमारी बाई साहू सहित मातृ शक्तियों उपस्थित रही।

# मोखा में जिपं सीईओ ने आवास चौपाल का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

■ अप्रारंभ व निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

जिले के गुरुर विकासखंड के मोखा में सीईओ जिला पंचायत बालोद ने प्रातःकालीन आवास चौपाल लगाया। जिला बालोद अंतर्गत जप गुरूर के ग्राम पंचायत मोखा में प्रातःकालीन आवास चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा आवास के लाभाथएँ उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चन्द्रवंशी द्वारा आवास चौपाल के माध्यम से नवीन स्वीकृत आवास लाभार्थियो के अप्रारंभ आवासो को यथाशीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा गया, साथ ही लाभार्थियो को उक्त निर्माणाधीन आवासो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिंस्टम, सोखता गढ्ढा का निर्माण करने तथा पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। योजनान्तर्गत लाभार्थियो से चर्चा करते हुए आवास निर्माण से संबंधित समस्याओ को संज्ञान में लेते हुए तत्काल समाधान हेतु संबंधित अमलो को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। साथ ही चौपाल क़े बाद उक्त ग्राम पंचायत मे रुके हुए एवं अप्रारम्भ आवास का निरीक्षण क़र अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा साथ ही अधिकारी, कर्मचारी को हितग्राही की समस्याओं का त्वरित निदान करने क़े निर्देश दिए। उक्त आवास चौपाल में जिला समन्वयक आवास,सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद, जिला प्रोग्रामर चंद्राकर, अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी(मनरेगा), अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग गुरूर, उपभियंता, तकनीकी सहायक आवास, नरेगा, आवास नोडल, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**गुण्डरदेही विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ**

# खेलों से होता है शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास: तारणी चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम परसदा के खेल मैदान में गुण्डरदेही विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। विधानसभा स्तरीय इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर सम्मिलित हुईं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिता का विधिवत आगाज किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्षेत्रीय सांसद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का एक बेहतरीन माध्यम है। यहाँ से निकले खिलाड़ी आने वाले समय मे देश का नाम रोशन करेंगे। उद्घाटन सत्र के दौरान तारणी चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना से खेलने की बात कही और जोर देकर कहा कि हार–जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल में हिस्सा लेना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो–खो, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल, गेड़ी, गिल्ली डंडा जैसे परंपरागत छत्तीसगढ़ी खेलों को भी सम्मिलित किया गया है। इसके सांथ अन्य विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों युवा खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कांति सोनेश्वरी सभापति जिला पंचायत बालोद, कुलदीप साहू मण्डल अध्यक्ष ओटेबंद, महेन्द्र जांगड़े सीईओ पाटन, सत्यवती गजेन्द्र साहू सरपंच परसदा, आशीष देशमुख सीईओ डौंडीलोहारा खेल प्रभारी एवं समस्त सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल विभाग के अधिकारी, और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में इस महोत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है

### ग्राम बोरी में सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह आज से



**लाटाबोड़।** ग्राम बोरी (लाटाबोड़) में आध्यात्मिक चेतना और भक्ति का संगम होने जा रहा है। आगामी 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक त्रि-दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु कबीर वाणी और सत्संग का लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम की न रूपरेखा और समय आयोजनकर्ता राजूराम साहू ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिनों तक चलने वाला यह समारोह दो सत्रों में संपन्न होगा। प्रथम सत्रः प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक। भोजन अवकाशः दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक उसके बाद कार्यक्रम दोपहर 02:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपन्न होगा। संत मनोहर दास महंत करेंगे कथा वाचन इस सत्संग समारोह के मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध संत मनोहर दास महंत होंगे। उनके द्वारा सद्गुरु कबीर के सिद्धांतों, साखियों और जीवन दर्शन पर सारगर्भित व्याख्यान दिया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने और सत्संग का लाभ उठाने की अपील की है। साधु समागम परम सुख, सद्गुरु की वाणी में है सार।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव में डौंडीलोहारा के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## छत्तीसगढ़ी लोकधुनों व राउत नाचा से छात्रों ने जीते प्रथम स्थान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ रॉक बैंड व राउत नाचा में प्रथम स्थान, राज्य स्तरीय महोत्सव के लिए चयन

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डौंडी लोहारा के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और विकासखंड का नाम रोशन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के नवपदस्थ प्राचार्य वी.के.भंडारी एवं मार्गदर्शक शिक्षिका एनुका शार्वा के निर्देशन में "रॉक बैंड" प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ छत्तीसगढ़ी लोकधुनों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में पारंपरिक वेशभूषा को भी सहेजते हुए सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में नव प्रयोग करते हुए छात्राओं द्वारा राउत नाचा की प्रस्तुति दी गई, जिसमें दोनों विधाओं में विद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इन सफल विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय युवा महोत्सव, बिलासपुर के लिए हुआ है, जो 23 से 25 दिसंबर तक आयोजित होगा। यह महोत्सव भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य युवाओं की रचनात्मकता, प्रतिभा और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है।

अन्य प्रतियोगिताओं में आन सोलंकी ने कहानी वाचन में द्वितीय स्थान, यामिनी देवांगन ने पारंपरिक परिधान में तृतीय स्थान तथा आशीष राउते ने पंचम स्थान प्राप्त किया। रॉक बैंड में छात्रेश, ओमन, पंकज, राहुल, ओंकार, अनिल, मनीष, विवेक तथा राउत नाचा में वेनिका, गायत्री, शालिनी, डोमेश्वरी, गीतू, गीतिका एवं खुशबू ने प्रस्तुति दी। इस उपलब्धि पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्विन साहू सहित विकासखंड युवा उत्सव प्रभारी एवं शिक्षकों ने भी हर्ष जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**साधु-संतों की संगति से मिलता है सद्मार्ग**

# हर स्थिति में भगवान का स्मरण ही मुक्ति का मार्ग: पंडित देवश्री महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





■ मन ही बंधन और मुक्ति का कारण – पंडित देवश्री महाराज

भगवान का स्मरण करने के लिए अतिरिक्त समय निकालने की आवश्यकता नही है। काम करते हुए, चलते हुए, भोजन पकाते समय, खेत में, दुकान में, जहां जिस स्थिति में हो उसी स्थिति में भजन करते रहे। मन को श्रीजी के चरणो मे लगा कर रखे। सच्चे भाव से, समर्पण के साथ किया गया स्मरण भगवत कृपा प्रदान करता है।

उक्त बाते ग्राम चुल्हापथरा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से खैरागढ़ वाले पंडित देवश्री महराज ने कही। व्यासपीठ से देवजी महराज ने कहा मन ही बंधन व मुक्ति का कारण है। मन को भगवान के चरणो से जोड़ दो मुक्ति का मार्ग खुल जाएगा। देव जी महराज ने कहा मन को वश मे करने का चार माध्यम है, पहला आसन को जीतो, अर्थात एक मुद्रा में स्थिर रहकर भगवान का स्मरण करो, दूसरा स्वांस को जीत लो, अर्थात ब्रम्ह मुहुर्त मे उठो, तीसरा है संगत को जीतो, अर्थात अच्छी सद्गुणो की संगति करो, कुसंगति को छोड़ो, चौथा है इन्द्रीयो को जीतो ,इद्रिरय 10 प्रकार की होती है, 5 कर्र्म इंन्द्रीय एवं 5 ज्ञान इन्द्रीयां होती है। देव जी महराज ने कहा असत्य का आश्रय लेने वाले का सत्कार नही होता। असत्य का आचरण कर झूठी बाते कहने पर भगवान शिव ने केंकती को श्राप दिया, आज केकती का फूल भगवान शिव को अर्पण नही किया जाता। पंडित देवजी महराज ने कहा कलयुग में मानव अल्प आयु में ही दुर्गणो से घिरने लगा है, बीमारियो से घिरने लगा है, अल्पायु मे ही मौत का शिकार हो रहा है, इससे बचना है तो सनातन संस्कृति के धर्मानुसार जीवन यापन करे। धर्म का पालन करे। देवी जी महराज ने कहा कलयुग में भगवत कथा श्रवण ही मुक्ति का मार्ग है, भागवत कथा श्रवण मुक्ति का मार्ग खोलता है। भगवान भक्त वत्सल है। भक्त का अपमान भगवान बर्दास्त नही करते। साधु संतो महात्मा की संगती उनके संदेश मानव को सद्मार्ग प्रदान करते है।

श्रद्धालुओ के अनुरोध में देव जी महराज ने भागवत कथा के आरंभ में शिव महापुराण की कथा का श्रवण कराया। तुरूपमार सार्वा परिवार चुल्हापथरा द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा 19 दिसंबर से प्रारंभ है। समापन 27 दिसंबर को होगा। जिसमे परायणकर्ता पंडित गजेन्द्र कृष्ण दुबे महराज है। कथा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक व दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हो रही है।। कथा में परिक्षित यजमान मोजी राम साहू सोहद्र बाई साहू है।

### डिवाइडर से लोहे के ग्रिल उड़ा ले गया चोर

**भिलाई।** उतई-पाटन मार्ग के डिवाइडर में लगे लोहे के ग्रिल की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात ने ग्रिल को पार कर दिया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। नेवई पुलिस ने बताया कि उतई-पाटन मार्ग पर लगे लोहे के ग्रिल की चोरी हो गई। चोरी से लोक निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया है। सीएसवीटीयू मुक्तिधाम से लेकर सीआईएसएफ क्षेत्र तक सड़क पर डिवाइडर में लगी लोहे की ग्रिल लगा था, जिसे अज्ञात ने पार कर दिया।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, श्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक